[19/7/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 2180]

परिशिष्ट-

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. (पूर्व) \ REGIONAL OFFICE M.P. (East)
म.नं.-109, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर (म.प्र.) 482 008
H. No.- 109, Aadarsh Nagar, Narmada Road, Jabalpur (M.P.) 482 008
दूरभाष / Phone : 0761 - 3585028, ईमेल / E-mail : rojabalpur@nhai.org, rojabalpuroffice@gmail.com

भारतमाला
BHARATMALA
ROAD TO PROSPERITY

भा.रा.रा.प्रा. / क्षे.का.-म.प्र. / जबलपुर / विधान सभा / 2024 / 3690 दिनांक 05 / 07 / 2024

प्रति,

मुख्य अभियंता,
राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, लोक निर्माण विभाग,
निर्माण भवन,प्लाट नं. 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल
दूरभाष नं. 0755-2551570,
ई-मेल cepwdnhzonempbhopal@gmail.com

विषयः विधान सभा अतारांकित प्रश्न कमांक 2180 द्वारा श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, **" रीवा से जबलपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य की जानकारी"** के संबध में।

महोदय,

अतारांकित प्रश्न का इस कार्यल्य के अंतर्गत बिन्दुवार प्रतिउत्तर निम्नानुसार हैः-

क्र.	प्रश्न	उत्तर
(क)	रीवा से जबलपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग (फोर लाइन) का निर्माण कार्य कराया गया है ? यदि हां, तो क्या इस मार्ग के निर्माण की कार्य योजना में सर्विस लाइन का भी प्रावधान किया गया था ? यदि हां, तो सर्विस लाइन का निर्माण कार्य क्या रूप रूपेण किया जा चुका है ?	उपरोक्त विषय में लेख है कि रीवा से जबलपुर तक रा.रा. कमांक 30 का निर्माण तीन खण्ड में किया गया (पैकेज-1,पैकेज-2 एवं पैकेज-4) जिसमें से (पैकेज-1 रीवा-मैहर, लंबाई 69.19 कि.मी.) है, (पैकेज-2 मैहर-स्लीमनाबाद खंड लंबाई 69.07 कि.मी.) है, (कटनी बाईपास 19.230 कि.मी. को छोड़कर, वर्तमान में निमाणाधीन), पकाई-कटनी के क्षेत्राधिकार में आते है। परियोजना के अंतर्गत कुछ जगहों पर भूमि स्वामियों की आपत्ति के कारण कुछ सर्विस रोड़ का काम de-scope कर दिया गया था जिसके निर्माण के लिए नया संविदाकार नियुक्त कर 06.12.2023 से कार्य प्रारंभ किया जा चुका है जिसे सम्भवतः 05.12.2024 तक पूर्ण कर लिया जावेगा। पैकेज-4 स्लीमनाबाद-जबलपुर खंड जिसकी लंबाई 68.259 है पकाई-जबलपुर के क्षेत्राधिकार में आता है। पैकेज-4 मे ईपीसी ठेकेदार के कार्यक्षेत्र के अनुसार, संपूर्ण सर्विस रोड का काम पूरा हो चुका है और वर्तमान में रखरखाव के अधीन है।
(ख)	प्रश्नांश (क) अनुसार इस मार्ग निर्माण में रीवा से जबलपुर तक कितने वृक्ष काटे गये, उन काटे गये वृक्षों के अनुपात में कितने वृक्ष कहां-कहां लगाये गये, वृक्षों की भौतिक स्थिति वर्तमान में क्या है।	उक्त रीवा से जबलपुर खंड तक की परियोजना में जिला कलेक्टर की स्वीकृति से कुल 25207 वृक्ष काटे गए, जिसके एवज में 257833 पौधे रोपे गए। वर्तमान में कुछ पौधे भू-स्वामियों एवं पशुओं द्वारा नष्ट कर दिए गए है, जिन्हें समय-समय पर एजेन्सी द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है।
(ग)	प्रश्नांश (ख) अनुसार काटे गये वृक्षों की नीलामी किसके द्वारा की गयी ऐसी नीलामी में कितनी राशि प्राप्त हुयी, वह राशि कहां जमा की गयी और उस राशि का कहां-कहां उपयोग किया गया।	वृक्षों को काटने का कार्य वन विभाग की देखरेख में ईपीसी ठेकेदार द्वारा किया गया तथा पेड़ो की लकड़ी को ईपीसी ठेकेदार द्वारा वन डिपो में जमा कराया गया है।

आपकी जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(रामविलास पटेल)
प्रबंधक (तक.)

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल